अष्टदल पद्म के भीतर साध्य नाम जिस पर शाकिनी का उपद्रव हो तथा दलों पर विसर्ग युक्त सकार (सः) पूर्वोक्त विधि से भोजपत्र पर गोरोचन, कस्तूरी, कपूर, केशर और चन्दन से चमेली की कलम द्वारा लिखना चाहिए ॥ ११२ ॥

शाकिनीनिवर्तकं यन्त्रम्



फिर पूर्वोक्त विधि से चण्डीपाठ, ब्राह्मण भोजन तथा भूमि पर शयन करते हुये विधिवत् यन्त्र का पूजन करते रहना चाहिए । तीन दिन पर्यन्त इस विधि का संपादन करे । फिर शिशु के गले में अथवा उसकी भुजा में उक्त यन्त्र को बाँधना चाहिए । इस यन्त्र के प्रभाव से शाकिनी, भूत, वेताल और बालग्रहादि सारी बाधायें दूर हो जाती हैं ॥ ११३ ॥

(xxvii) अब **ज्वरनिवर्तक यन्त्र** कहते हैं -

कृष्णपक्ष की अष्टमी वा चतुर्दशी तिथि में श्मशान के वस्त्र पर धतूरे के


कोणान्तराले कोणेषु रेफषोडशकं लिखेत्।
दिक्षु रेफचतुष्कोणयुतं नामापि मध्यतः॥ ११५॥
पूजितं तत्पितृवने निखातं ज्वरशान्तिकृत्।

सर्पभयहरमष्टाविंशतितमं यन्त्रम्

भूर्जे सुगन्धैर्विलिखेत् पद्ममष्टदलान्वितम्॥ ११६॥
नामान्वितं कर्णिकायां दलेष्वजययायुतम्।
पूजितं विधृतं बाहौ सर्पभीतिनिवारकम्॥ ११७॥

सर्पभयहरमष्टाविंशमाह – **भूर्ज** इति । रोचनादिना भूर्जेष्टदलं कृत्वा मध्ये नामदलेषु हंस इति लिखेत् । हंसो देवता ॥ ११५–११७ ॥


ज्वरनिवर्तकयन्त्रम्



रस से परस्पर विरुद्ध दिशा में दो चतुर्भुज लिख कर उनके आठ कोणों में तथा चारों दिशा के कोणों एवं उसके दोनो ओर कुल सोलह 'रं' लिख कर, मध्य में रं वेष्टित साध्य नाम लिखे । तदनन्तर (अग्नि बीज से) उसका पूजन कर श्मशान में उसे गाड़ देवे तो ज्वर शान्त हो जाता है । (इसके अग्नि देवता हैं) ॥ ११४-११५ ॥

(xxviii) अब **सर्पभयनाशक यन्त्र** का विधान करते हैं -

सर्पभयहरं यन्त्रम्



भोजपत्र पर गोरोचन आदि सुगन्धित अष्टगन्ध से अष्टदल लिखना चाहिए । उसके मध्य में साध्य का नाम तथा दलों पर अजपा मन्त्र (हंसः) लिखना चाहिए ॥ ११६-११७ ॥

फिर (अजपा मन्त्र से) इसका विधिवत् पूजन कर भुजा पर धारण करे तों यह यन्त्र सर्प से होने वाली बाधा को दूर कर देता है। (इसके हंस देवता हैं) ॥ ११६-११७॥

(xxix) अब **बन्दीमोचन यन्त्र** कहते हैं - गोरोचन, चन्दन, कपूर एवं केशर से षोडशदल कमल लिखकर दलों में सोलह स्वरों को तथा कर्णिका में मायाबीज (ह्रीं) लिखे । फिर उसके ऊपर

बन्धमोक्षकृदेकोनत्रिंशं यन्त्रम्


रोचनाहिमकर्पूरकुंकुमैः पद्ममालिखेत् ।
षोडशारं स्वरैर्युक्तं दलं मायाद्यकर्णिकम् ॥ ११८ ॥
तस्योपरिष्टाद् द्वात्रिंशद्दलं व्यञ्जनयुग्दलम् ।
पद्मं दिग्विदिशाहक्षयुक्तं क्ष्मापुरवेष्टितम् ॥ ११९ ॥
एतद्यन्त्रं कांस्यपत्रे लिखितं सप्तवासरान् ।
पूजितं भूर्जलिखितं धृतं वा बद्धमोक्षकृत् ॥ १२० ॥

सिद्धयन्त्रेषु मातृकादीनां पूजाविधिः

पूर्वोक्ताखिलयन्त्राणां सिद्धिकामेन मन्त्रिणा ।
उपास्या मातृकादेवी यद्वा भूतलिपिः परा ॥ १२१ ॥

बन्धमोक्षकृतमेकोनत्रिंशमाह – **रोचनेति** । हिमचन्दनम् । कांस्यपात्रे रोचनादिना षोडशदले मायाम् । दलेषु स्वरान् विलिख्य तदुपरि ककारादि सकारान्तार्णयुक्तं द्वात्रिंशद्दलं तदुपरि कोणेषु ह क्षयुतं चतुष्कोणं कृत्वा सप्ताहपूजितं बन्धहरम् ॥ ११८–१२० ॥ उक्तं यन्त्राणां सिद्धये मातृका भूतलिपिभैरवाणामन्यतम उपास्यः । तत्र द्वे उक्ते ॥ १२१ ॥

बन्धमोक्षकरं यन्त्रम्



बत्तिस दलों का पद्म बनाकर ककार से सकार पर्यन्त ३२ व्यञ्जन वर्णों को लिखना चाहिए । फिर इस पद्म के चारों ओर बने भूपुर के भीतर चारों दिशाओं में क्रमशः ह और चारों कोणों में क्ष लिखना चाहिए ।

इस यन्त्र को काँसे की थाली पर लिखना चाहिए तथा (मातृका मन्त्र) से ७ दिन पर्यन्त पूजन करे अथवा भोजपत्र पर लिखकर भुजा पर धारण करे तो बन्दी कारागार आदि बन्धन से शीघ्र मुक्त हो जाता है ॥ ११८-१२० ॥

अब **यन्त्रसिद्धि की उपासना विधि** कहते है -

पूर्वोक्त समस्त यन्त्रों की सिद्धि चाहने वाले साधकों को मातृका देवी या भूत लिपि की उपासना करनी चाहिए । (द्र० २०. १५) अथवा यन्त्र लिखते

यद्वोपास्ये लेखकाले स्वर्णाकर्षणभैरवः ।

स्वर्णाकर्षणभैरवमन्त्रः

प्रणवो वाग्भवं कामशक्ती दीर्घत्रयान्विते ॥ १२२ ॥
सर्गी भृगुर्भया सेन्दुरापदुद्धारणाय च ।
अजामलान्ते बद्धाय ङेन्तो लोकेश्वरस्तथा ॥ १२३ ॥
स्वर्णाकर्षणभैरान्ते दीर्घो बालः प्रभञ्जनः ।
मम दारिद्र्य विद्वेषणायान्ते प्रणवो रमा ॥ १२४ ॥
ङेन्तो महाभैरवान्ते हृदयं कीर्तितो मनुः ।
अष्टपञ्चाशदर्णाढ्यो मुनिरस्य चतुर्मुखः ॥ १२५ ॥
पंक्तिश्छन्दो देवतोक्ता स्वर्णाकर्षणभैरवः ।
नन्दाष्टार्कनवाशादिग्वर्णैरङ्गमनोः स्मृतम् ॥ १२६ ॥

भैरवमाह – **प्रणव** इति ॥ १२२ ॥ भृगुः सः भया वः ॥ १२३ ॥ दीर्घो बालः वा प्रभञ्जनो यः । रमा श्रीः ॥ १२४ ॥ हृदयं नमः । मन्त्रो यथा – ॐ ऐ क्लां क्लीं क्लूं ह्रां ह्रीं ह्रूं सः वं आपदुद्धारणाय अजामलबद्धाय लोकेश्वराय स्वर्णाकर्षणभैरवाय मम दारिद्र्य विद्वेषणाय ॐ श्रीं महाभैरवाय नम इति ॥ १२५ ॥ षडङ्गमाह – **नन्देति** । नन्दा नव । आशा दश ॥ १२६ ॥

समय स्वर्णाकर्षण भैरव की उपासना करनी चाहिए ॥ १२१-१२२ ॥

अब प्रकरण प्राप्त **स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

प्रणव (ॐ), वाग्भव (ऐ), फिर दीर्घत्रय सहित कामबीज (क्लां क्लीं क्लूं), तथा दीर्घत्रय सहित शक्तिबीज (ह्रां ह्रीं ह्रूं), फिर सर्गी विसर्ग सहित भृगु (सः), इन्दु सहित भया (वं), फिर 'आपदुद्धारणाय', 'अजामल', 'बद्धाय', फिर चतुर्थ्यन्त लोकेश्वर (लोकेश्वराय), 'स्वर्णाकर्षणभैर', फिर दीर्घबाल (वा), फिर प्रभञ्जन (य), फिर 'मम दारिद्र्य विद्वेषणाय' के बाद प्रणव (ॐ), रमा (श्रीं), फिर चतुर्थ्यन्त महाभैरव (महाभैरवाय) और अन्त में हृदय (नमः) जोड़ने से ५८ अक्षरों का स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १२२-१२५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - ॐ ऐं क्लां क्लीं क्लूं ह्रां ह्रीं ह्रूं सः वं आपदुद्धारणाय अजामलबद्धाय लोकेश्वराय स्वर्णाकर्षणभैरवाय मम दारिद्र्यविद्वेषणाय ॐ श्रीं महाभैरवाय नमः (५८) ॥ १२२-१२५ ॥

विनियोग एवं न्यास - इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, पंक्ति छन्द है तथा स्वर्णाकर्षण भैरव देवता हैं । मन्त्र के क्रमशः ९, ८, १२, ९, १०, और १० वर्णों से षडङ्गन्यास कहा गया है अथवा षड्दीर्घ सहित कामबीज (क्लीं) और

अथवा कामशक्तिभ्यां दीर्घाढ्याभ्यां षडङ्ककम् ।
पारिजातद्रुकान्तारे स्थिते माणिक्यमण्डपे ।
सिंहासनगतं ध्यायेद् भैरवं स्वर्णदायिनम् ॥ १२७ ॥
गाङ्गेयपात्रं डमरुं त्रिशूलं
वरं करैः संदधतं त्रिनेत्रम् ।
देव्यायुतं तप्तसुवर्णवर्णं
स्वर्णाकृषं भैरवमाश्रयामः ॥ १२८ ॥
लक्षं जपेद्दशांशेन पायसैर्जुहुयात्सुधीः ।
शैवे पीठे यजेद्देवमङ्गदिक्पालहेतिभिः ॥ १२९ ॥

अथवेति । क्लां ह्रां हृत् क्लीं ह्रीं शिर इत्यादि । ध्यानमाह – **पारिजातेति**। पारिजातवनमध्यगतमाणिक्यमण्डपे हेमासनगतं ध्यायेत् । गाङ्गेयपात्रं हेमभाजनं वरं च दक्षयोः । त्रिशूलडमरुवामयोः ॥ १२७–१२८ ॥ हेतयो वज्राद्याः ॥ १२९ ॥

शक्ति बीज (ह्रीं) से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १२५-१२७ ॥

विनियोग - अस्य श्रीस्वर्णाकर्षणभैरवमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः पंक्तिच्छन्दः स्वर्णाकर्षणभैरवो देवताऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ ऐं क्लां क्लीं क्लूं ह्रां ह्रीं ह्रूं सः हृदयाय नमः, वं आपदुद्धारणाय शिरसे स्वाहा, अजामलवद्धाय लोकेश्वराय शिखायै वषट्, स्वर्णाकर्षण भैरवाय कवचाय हुम्, मम दारिद्र्यविद्वेषणाय नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ श्रीं महाभैरवाय नमः अस्त्राय फट्,

षडङ्गन्यास की दूसरी विधि - क्लां ह्रां हृदयाय नमः,
क्लीं ह्रीं शिरसे स्वाहा, क्लूं ह्रूं शिखायै वषट्,
क्लैं ह्रैं कवचाय हुम्, क्लौं ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्,
क्लः ह्रः अस्त्राय फट् ॥ १२५-१२७ ॥

अब **स्वर्णाकर्षण भैरव का ध्यान** कहते हैं -


पारिजात वृक्षों के वन में स्थित माणिक्य निर्मित मण्डप में रत्न सिंहासन पर विराजमान स्वर्ण प्रदान करने वाले स्वर्ण भैरव का ध्यान करना चाहिए ॥ १२७ ॥

अपने चारों हाथों में क्रमशः गाङ्गेय पात्र (स्वर्णपात्र), डमरु, त्रिशूल और वर धारण किये हुये, त्रिनेत्र, तप्तसुवर्ण जैसी आभा वाले, अपनी देवी के साथ विराजमान स्वर्णाकर्षण भैरव का मैं आश्रय लेता हूँ ॥ १२८ ॥

पुरश्चरण - विद्वान् साधक उक्त स्वर्णाकर्षण मन्त्र का एक लाख जप करे । फिर खीर से दशांश होम करे । शैव पीठ पर अङ्ग पूजा, दिक्पालों और उनके आयुधों के साथ आवरण पूजा करे ॥ १२९ ॥

विमर्श - यन्त्र निर्माण विधि - स्वर्णाकर्षण भैरव के पूजन के लिये षट्कोण कर्णिका तथा भूपुर सहित यन्त्र का निर्माण करना चाहिए ।

स्वर्णाकर्षणभैरवपूजनयन्त्रम्



पीठ-पूजाविधि - सर्वप्रथम २०. १२७-१२८ में वर्णित स्वर्णाकर्षण भैरव का ध्यान कर मानसोपचार से पूजन कर विधिवत् अर्घ्यस्थापन कर 'ॐ आधारशक्तये नमः' से 'ह्रीं ज्ञानात्मने नमः' पर्यन्त सामान्य विधि से पीठ देवताओं का पूजन कर 'वामा' आदि पीठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए । (द्र० १६. २२-२६)

इसके बाद 'ॐ नमो भगवते सकलगुणात्मकशक्तियुक्तायानन्ताय योगपीठात्मने नमः' इस पीठ मन्त्र से आसन देकर मूलमन्त्र से मूर्ति स्थापित कर ध्यान आवाहनादि उपचारों से पूजन कर पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त सारी विधि संपादन करनी चाहिए ।

अब **आवरण पूजा का विधान** कहते हैं - सर्वप्रथम कर्णिका के आग्नेयादि कोणों में मध्य में तथा चतुर्दिक्षु में षडङ्गपूजा करनी चाहिए । यथा -

क्लां ह्रां हृदयाय नमः   क्लीं ह्रीं शिरसे स्वाहा,
क्लूं ह्रूं शिखायै वषट्   क्लैं ह्रैं कवचाय हुम,
क्लौं ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्   क्लः ह्रः अस्त्राय फट्

पश्चात् भूपुर के पूर्वादि दिशाओं में इन्द्रादि लोकपालों की निम्न रीति से पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ लं इन्द्राय नमः पूर्वे
ॐ रं अग्नये नमः आग्नेये,   ॐ मं यमाय मनः दक्षिणे,
ॐ क्षं निर्ऋतये नमः नैर्ऋत्ये,   ॐ वं वरुणाय नमः पश्चिमे
ॐ यं वायवे नमः वायव्ये,   ॐ सं सोमाय नमः उत्तरे
ॐ हं ईशानाय नमः ऐशान्ये,   ॐ आं ब्रह्मणे नमः ऊर्ध्वम्
ॐ ह्रीं अनन्ताय नमः अधः ।

फिर भूपुर के बाहर पूर्वादि दिशाओं में दिक्पालों के आयुधों की पूजा करनी चाहिए । यथा -   ॐ वं वज्राय नमः,   ॐ शं शक्तये नमः,
ॐ दं दण्डाय नमः,   ॐ खं खड्गाय नमः, ॐ पां पाशाय नमः,
ॐ अं अंकुशाय नमः,   ॐ गं गदायै नमः,   ॐ शूं शूलाय नमः

सिद्ध मनुं जपेन्नित्यं त्रिशतीं मण्डलावधि।
दारिद्र्यं दूरमुत्क्षिप्य जायते धनदोपमम् ॥ १३० ॥
जपादिभिर्मनौ सिद्धे यन्त्रेभ्यः सिद्धिमाप्नुयात्।
सुवर्णमेधते गेहे नैवारेः स्यात् पराभवः ॥ १३१ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ यन्त्रमन्त्रादि निरूपणं नाम विंशस्तरङ्गः ॥ २० ॥



मण्डलमेकोनपञ्चाशद्दिनानि ॥ १३० ॥ एधते वर्द्धते । अरेः शत्रोः सकाशात् पराभवो न स्यात् ॥ १३१ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां यन्त्रमन्त्रादिकथनं नाम विंशस्तरङ्गः ॥ २० ॥



ॐ चं चक्राय नमः ॐ पं पद्माय नमः

इस प्रकार आवरण पूजा कर पुनः धूप, दीपादि उपचारों से स्वर्णाकर्षण भैरव की विधिवत् पूजा कर पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ॥ १२६ ॥

उक्त विधि से जो साधक ४६ दिन पर्यन्त ३०० की संख्या में जप करता है उसकी दरिद्रता दूर हो जाती है तथा वह कुबेर तुल्य वैभवशाली बन जाता है ॥ १३० ॥

जप आदि के द्वारा यन्त्रों के सिद्ध हो जाने पर यन्त्रों से भी सिद्धि प्राप्त हो जाती है । भैरवाकर्षण यन्त्र के जप के प्रभाव से घर में सुवर्ण की वृद्धि होती है तथा शत्रु से कभी पराभव नहीं प्राप्त होता ॥ १३१ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के बीसवें तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २० ॥



अथ एकविंशः तरङ्गः

नित्यपूजाविधिं सर्वदेवसाधारणं ब्रुवे ।

नित्यपूजाविधिकथनम्

ब्राह्मे मुहूर्ते उत्थाय कृत्वा शौचादिकं सुधीः ॥ १ ॥
परिधायाम्बरं शुद्धं मन्त्रस्नानं विधाय च ।
प्रविश्य देवतागारं कुर्यात् सम्मार्जनादिकम् ॥ २ ॥
मङ्गलारार्तिकं कृत्वा निर्माल्यमपसारयेत् ।
दद्यात् पुष्पाञ्जलिं दन्तधावनाचमने अपि ॥ ३ ॥
नमस्कृत्यासने शुद्धे उपविश्य गुरुं स्मरेत् ।
शिरःस्थशुक्लपद्मस्थं प्रसन्नं द्विभुजाक्षिकम् ॥ ४ ॥

---

* नौका *

एवं मन्त्रजातं कथयित्वा देवतानां कामनाविशेषेण यन्त्राणि च निरूप्य सर्वदेवसाधारणं पूजाविशेषं वक्तुमुपक्रमते – **नित्येति** ॥ १–३ ॥ द्वौ भुजौ द्वे अक्षिणी च यस्य स द्विभुजाक्षिकः तम् ॥ ४–५ ॥ * ॥ ६–७ ॥

---

* अरित्र *

यहाँ तक मन्त्र समूहों का तथा कामना विशेष में प्रयुक्त किये जाने वाले मन्त्रों का निरूपण कर ग्रन्थकार **सर्वदेव साधारण पूजा विधान** कहने का उपक्रम करते हैं ।

अब मैं **देवताओं की सामान्य रूप से की जाने वाली पूजा विधि** को कहता हूँ -

बुद्धिमान् साधक ब्राह्म मुहूर्त में उठ कर शौचादि क्रिया से निवृत्त होकर शुद्ध वस्त्र धारण कर, मन्त्र स्नान करके देव पूजा गृह में प्रवेश करे और देवतागार का सम्मार्जन आदि कार्य करे । तदनन्तर मङ्गला आरती करके निर्माल्य को हटा कर दूर करे । फिर देवता को पुष्पाञ्जलि समर्पित कर उन्हें दन्तधावन तथा आचमनार्थ जल प्रदान करे ॥ १-३ ॥

फिर अपने इष्टदेव को नमस्कार कर शुद्ध आसन पर बैठकर अपने गुरु का स्मरण करे । प्रसन्नता की मुद्रा में शिरःस्थ श्वेत कमल पर आसीन दो

अहं ब्रह्मास्मि सद्रूपं नित्यमुक्तं न शोकभाक्।
गुरुदेवात्मनामित्थमैक्यं स्मृत्वार्चयेत तम् ॥ ५॥

श्लोकद्वयेनेष्टदेवताप्रार्थनम्

त्रैलोक्यचैतन्यमयादिदेव
श्रीनाथविष्णो भवदाज्ञयैव ।
प्रातः समुत्थाय तवप्रियार्थं
संसारयात्रा - मनुवर्तयिष्ये ॥ ६ ॥
जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्ति-
र्जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः ।
केनापि देवेन हृदिस्थितेन
यथा नियुक्तोऽस्मि तथा करोमि ॥ ७ ॥
एतच्छ्लोकद्वयेनेष्टदेवतां प्रार्थयेद् बुधः।
श्रीनाथविष्णो स्थाने तु कार्य ऊहोऽन्य दैवतः ॥ ८ ॥
देवतागुणनामादि स्मरन् स्नातुमथो व्रजेत्।
स्नानमान्तरबाह्याख्यं द्विविधं कथितं बुधैः ॥ ६ ॥

श्रीनाथविष्णो इत्यस्य स्थले विश्वेश शम्भो भवदाज्ञयैवेति शिवोपासकेन भवानि दुर्गे इत्यम्बोपासकेनोहो विधेयः ॥ ८-६ ॥

भुजा और दो नेत्रों वाले 'अहं ब्रह्मास्मि' इस प्रकार की भावना में लीन, नित्यमुक्त सर्वथा शोकरहित गुरुदेव का स्मरण कर पुनः उनके स्वरूप में अपनी एकता की भावना कर उनका पूजन करे ॥ ४-५ ॥

तदनन्तर - त्रैलोक्यचैतन्यमयादिदेव श्रीनाथ विष्णो भवदाज्ञयैव ।
प्रातः समुत्थाय तवप्रियार्थ संसारयात्रामनुवर्तयिष्ये ॥
जानामि धर्म न च मे प्रवृत्तिर्जानाम्यधर्म न च मे निवृत्तिः।
केनापि देवेन हृदिस्थितेन यथानियुक्तोऽस्मि तथा करोमि ॥

इन दो श्लोकों से अपने इष्टदेव की प्रार्थना करे । प्रार्थना में जिसके इष्टदेव विष्णु हों उसे इसी प्रकार की प्रार्थना करनी चाहिये ॥ ६-८ ॥

किन्तु शिवोपासक को 'श्रीनाथविष्णो' की जगह 'विश्वेश शम्भो भवदाज्ञयैव' दुर्गोपासक को 'भवानि दुर्गे भवदाज्ञयैव' इसी प्रकार छन्दोनुकूल ऊह कर अपने इष्टदेव का संबुद्ध्यन्त तत्तत्पदों का उच्चारण कर प्रार्थना करनी चाहिये ॥ ८ ॥

इसके बाद अपने इष्टदेव के नाम और गुणों का स्मरण करते हुये स्नानार्थ नदी, कूप, अथवा तडागादि में जाना चाहिये । विद्वानों ने आभ्यन्तर

आन्तरबाह्यस्नानकथनम्

कोटिसूर्यप्रतीकाशं निजभूषायुधैर्युतम्।
शिरःस्थं संस्मरेद्देवं तत्पादोदकधारया ॥ १० ॥
विशन्त्या ब्रह्मरन्ध्रेण निजं देहं विशुद्धया।
प्रक्षाल्यान्तर्गतं पापं विरजो जायते नरः ॥ ११ ॥
एवं कृत्वाऽऽन्तरं स्नानं स्नायाद्वेदोक्तमार्गतः।
अघमर्षणसूक्तं च स्मरेदन्तर्जले सुधीः ॥ १२ ॥

आन्तरं स्नानमाह – **कोटीति** ॥ १०–११ ॥ वेदोक्तमार्गतः स्वशाखोक्तविधिना तत्तच्छाखानां भिन्नत्वान्न लिखितः । अघमर्षणसूक्तम् – ऋतं च सत्यं चेत्यादिकानामृचां समूहविशेषः । अघमर्षणदृष्टमनुष्टुपच्छन्दस्कं भाववृत्तदेवताकम् ॥ १२ ॥ * ॥ १३ ॥

और बाह्य भेद से स्नान के दो भेद कहे हैं ॥ ९ ॥

प्रथम **आभ्यन्तर स्नान का विधान** कहते हैं - करोड़ो सूर्य के समान तेजस्वी अपने दिव्य आभूषणों एवं आयुधों को धारण किये शिरःस्थ सहस्त्रदल पर आसीन अपने इष्टदेव का स्मरण करते हुये ब्रह्मरन्ध्र से आती हुई उनके चरणोदक की धारा से अपने शरीर के समस्त पापों को धो कर बहा देना और पाप रहित हो जाना यह आन्तर स्नान कहा जाता है ॥ १०-११ ॥

इस प्रकार आभ्यन्तर स्नान कर वैदिक मार्ग से अपनी अपनी शाखा के अनुसार बाह्य स्नान करे । फिर जल में अघमर्षण सूक्त का जप करे ॥ १२ ॥

विमर्श - वैदिक शाखाओं के अनेक भेद होने से उस प्रकार के स्नान के अनेक भेद हैं । अतः ग्रन्थ विस्तार के भय से उसका निर्देश आवश्यक नहीं है ।

संकल्प - जल में तीर्थावाहन, मृत्तिका प्रार्थना, मृत्तिका द्वारा अङ्ग लेपन 'ॐ आपो हिष्ठा मयो भुवः', इत्यादि मन्त्रों से जल द्वारा शिरः प्रोक्षण, तदनन्तर सूर्याभिमुख नाभि मात्र जल में स्नान, पुनः 'ॐ चित्पतिर्मा पुनातु' इत्यादि मन्त्रों से शरीर का पवित्रीकरण करने के पश्चात् अघमर्षण सूक्त का जप करना चाहिये ।

अघमर्षण का विनियोग - ॐ अघमर्षणसूक्तस्य अघमर्षणऋषिरनुष्टुप्छन्दः भाववृतो देवता अघमर्षणे विनियोगः ।

अघमर्षण सूक्त - यथा - ॐ ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोध्यजायत ततो रात्र्यजायत, ततः समुद्रो अर्णवः, समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत, अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी सूर्याच्चन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत् दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः ॥ १२ ॥

मन्त्रस्नानकथनम्

मन्त्रस्नानं ततः कुर्यात् तत्प्रकारोऽधुनोच्यते ।
प्राणानायम्य मूलेन कृत्वा न्यासं षडङ्गकम् ॥ १३ ॥
आदित्यमण्डलात्तीर्थान्याह्वयेत् सृणिमुद्रया ।
मन्त्रत्रयेणाम्बुमध्ये विलिखेत् तन्मनुत्रयम् ॥ १४ ॥
ब्रह्माण्डोदरतीर्थानि करैः स्पृष्टानि ते रवे ।
तेन सत्येन मे देव तीर्थं देहि दिवाकर ॥ १५ ॥
गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति ।
नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेस्मिन्सन्निधिं कुरु ॥ १६ ॥
आवाहयामि त्वां देवि स्नानार्थमिहसुन्दरि ।
एहि गङ्गे नमस्तुभ्यं सर्वतीर्थसमन्विते ॥ १७ ॥
ततो वमिति बीजेन योजयेत् तानि तज्जले ।
अग्न्यर्कग्लौमण्डलानि तत्र सञ्चिन्तयेत्पुनः ॥ १८ ॥
मन्त्रयेत् तेन मन्त्रेण रविवारं ततो जलम् ।
कवचेनावगुण्ठ्याथ रक्षेदस्त्रेण तत् पुनः ॥ १९ ॥

सृणिमुद्रांकुशमुद्रा प्रोक्ता ॥ १४ ॥ ब्रह्माण्डेत्यादि श्लोकत्रयं पुराणोक्तं तीर्थावाहनमन्त्राः ॥ १५–१७ ॥ ग्लौः चन्द्रः ॥ १८ ॥ तेन मन्त्रेण वं इति बीजेन । कवचेन हुं इति बीजेन । अस्त्रेण फडिति मन्त्रेण ॥ १९ ॥

अघमर्षण सूक्त के बाद मन्त्र स्नान करना चाहिये वह इस प्रकार है - प्रथम प्राणायाम करे फिर मूल मन्त्र से षडङ्गन्यास करे ॥ १३ ॥

फिर अंकुश मुद्रा दिखा कर निम्न तीन मन्त्रों से जल में तीर्थों का आवाहन करना चाहिये -

ब्रह्मांण्डोदरतीर्थानि करैः स्पृष्टानि ते रवे ।
तेन सत्येन मे देव तीर्थं देहि दिवाकर ॥
गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति ।
नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेस्मिन्सन्निधिं कुरु ॥
आवाहयामि त्वां देवि स्नानार्थमिहसुन्दरि ।
एहि गङ्गे नमस्तुभ्यं सर्वतीर्थसमन्विते ॥ १४-१७ ॥

तत्पश्चात् 'वं' इस सुधाबीज को पढ़कर उस तीर्थजल में मिला देना चाहिये । तदनन्तर उस जल में अग्नि, सूर्य और ग्लौं अर्थात् चन्द्रमण्डलों का उस जल में ध्यान करना चाहिये । फिर 'वं' इस मन्त्र को १२ बार पढ़कर उस जल में मिलाकर कवच (हुं) इस मन्त्र से जल को गोंठ देना चाहिये, तदनन्तर अस्त्र मन्त्र (फट्)

मूलमन्त्रेणेशवारमभिमन्त्र्य नमेज्जलम् ।
मन्त्रेण वक्ष्यमाणेन देवतां मनसि स्मरन् ॥ २० ॥
आधारः सर्वभूतानां विष्णोरतुलतेजसः ।
तद्रूपाश्च ततो जाताश्चापस्ताः प्रणमाम्यहम् ॥ २१ ॥
मज्जेज्जले स्मरंस्तत्र मूलं वै देवतां तथा ।
उन्मज्ज्य सिञ्चेत् कं सप्तकृत्वः कलशमुद्रया ॥ २२ ॥
मूलेनाथ चतुर्मन्त्रैरभिषिञ्चेन्निजां तनुम् ।
लिख्यन्ते तेऽथ चत्वारो मन्त्राः शंकरभाषिताः ॥ २३ ॥
सिसृक्षोर्निखिलं विश्वं मुहुः शुक्रं प्रजापतेः ।
मातरः सर्वभूतानामापो देव्यः पुनन्तु माम् ॥ २४ ॥
अलक्ष्मीं मलरूपां यां सर्वभूतेषु संस्थिताम् ।
क्षालयन्ति निजस्पर्शादापो देव्यः पुनन्तु माम् ॥ २५ ॥

ईशानवारमेकादशवारं वक्ष्यमाणेन आधार इत्यादिना । देवताकृति ध्यानोक्तम् । कं शिरः । कलशमुद्रया कुम्भमुद्रया । हस्तद्वयेन सावकाशिकमुष्टिकरेण कुम्भमुद्रा ॥ २०–२३ ॥ * ॥ २४–२८ ॥

इस मन्त्र से जल की रक्षा करनी चाहिये ॥ १८-१६ ॥

फिर मूल मन्त्र से ११ बार उस जल का अभिमन्त्रण कर नमन करे और 'आधारः' इस वक्ष्यमाण मन्त्र से जल देवता की आकृति का ध्यान कर उन्हें प्रणाम करना चाहिये ॥ २०-२१ ॥

फिर उस जल में देवताओं का स्मरण करते हुये मूल मन्त्र से स्नान करना चाहिये । तदनन्तर जल से ऊपर आ कर कलश मुद्रा दिखाकर ७ बार अपने शिर पर अभिषेक करना चाहिये ॥ २२ ॥

विमर्श - कलशमुद्रा - यथा - हस्तद्वयेन सावकशिकमुष्टिकरेण कुम्भमुद्रा ॥

दोनों हाथ की मुट्ठी में अवकाश रखकर एक में मिलाने से कलश मुद्रा निष्पन्न होती है ॥ २२ ॥

फिर मूल मन्त्र के साथ निम्न चार मन्त्रों को पढ़कर अपने शरीर पर जल का अभिषेक करना चाहिये । आचार्य शंकर द्वारा कहे गए इन चारों मन्त्रों को अब कहते हैं - सिसृक्षोर्निखिलं विश्वं मुहुः शुक्रं प्रजापतेः ।
मातरः सर्वभूतानामापो देव्यः पुनन्तु माम् ॥ १ ॥
अलक्ष्मीं मलरूपां यां सर्वभूतेषु संस्थिताम् ।
क्षालयन्ति निजस्पर्शादापो देव्यः पुनन्तु माम् ॥ २ ॥
यन्मे केशेपु दौर्भाग्यं सीमन्ते यच्च मूर्द्धनि ।

यन्मे केशेषु दौर्भाग्यं सीमन्ते यच्च मूर्द्धनि।
ललाटे कर्णयोरक्ष्णोरापस्तद् घ्नन्तु वो नमः॥ २६॥
आयुरारोग्यमैश्वर्यमरिपक्षक्षयः सुखम्।
सन्तोषः क्षान्तिरास्तिक्यं विद्या भवतु वो नमः॥ २७॥
विप्रपादोदकं पीत्वा शालग्रामशिलाजलम्।
शङ्खेन त्रिः परिभ्राम्य प्रक्षिपेन्निजमस्तके॥ २८॥

देवमनुष्यपितृतर्पणम्

ततो देवान्मनुष्यांश्च संक्षेपात्तर्पयेत् पितृन्।
वस्त्रं सम्पीड्य संक्षाल्य सक्थिनी वाससी धरेत्॥ २९॥

देवमनुष्यान् पितृंश्च संक्षेपात्तर्पयेत् – ब्रह्मादयो देवास्तृप्यन्ताम् – सनकादयो मनुष्यास्तृप्यन्ताम् – काव्यवाडनलादयः पितरस्तृप्यन्ताम् – तर्पणार्हा अस्मत्पितरस्तृप्यन्तामिति संक्षेपतर्पणम् । सक्थिनी ऊरू ॥ २९–३० ॥

ललाटे कर्णयोरक्ष्णोरापस्तद् घ्नन्तु वो नमः ॥ ३ ॥
आयुरारोग्यमैश्वर्यमरिपक्षक्षयः सुखम् ।
सन्तोषः क्षान्तिरास्तिक्यं विद्या भवतु वो नमः ॥ ४ ॥ ॥ २३-२७ ॥

फिर ब्राह्मण का चरणोदक शालिग्रामशिला चरणामृत पीकर शंख स्थित जल को शालिग्राम शिला के चारों ओर ३ बार घुमाकर अपने शिर को अभिषिक्त करना चाहिये ॥ २८ ॥

फिर देवमनुष्य एवं पितरों का संक्षेप में तर्पण करना चाहिये । फिर स्नान किये गये वस्त्र का प्रक्षालन कर उसे निचोड़ कर रख देना चाहिए और दोनों घुटनों तक धौत वस्त्र धारण कर पश्चात् उत्तरीय वस्त्र धारण करना चाहिये ॥ २९ ॥

विमर्श – संक्षेप में तर्पण विधि – नाभिमात्र जल में खड़े हो कर 'ॐ ब्रह्मादयो देवास्तृप्यन्ताम्' से देवताओं का, 'गौतमादयो ऋषयस्तृप्यन्ताम्' से एक एक अञ्जलि जल देकर, 'सनकादयः मनुष्यास्तृप्यन्ताम्' इस मन्त्र से दो अञ्जलि जल प्रदान कर देवता, ऋषि और मनुष्यों का तर्पण करे । फिर 'कव्यवाडनलादयो देवपितरस्तृप्यन्ताम्' अमुक गोत्राः अस्मत्पितापितामहप्रपितामहाः सपत्नीकास्तृप्यन्ताम् अमुकगोत्राः अस्मन्मातामह-प्रमातामह-वृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकाः तृप्यन्ताम् – से देव पितरों एवं स्वपितरों को तीन तीन अञ्जलि जल प्रदान कर –

'आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं देवर्षिपितृमानवाः ।
तृप्यन्तु पितरः सर्वे मातृमातामहादयः ॥

श्लोक से समस्त पितरों को तीन तीन अञ्जलि जल प्रदान करे । इस

तीर्थाभावात् स्वसदने स्नायादुष्णेन वारिणा।
अल्पा एव प्रवक्तव्यास्तत्र मन्त्रा यथोचिताः ॥ ३० ॥
हस्तयोरप आदाय कुर्यात्तत्राघमर्षणम्।
भस्मना गोरजोभिर्वा स्नायान्मन्त्रेण वाक्षमः ॥ ३१ ॥

वैष्णवशैवयोस्तिलकविधिः

तत आचम्य पीठस्थस्तिलकं रचयेत्सुधीः।
केशवाद्यभिधानैस्तु स्थानेषु द्वादशस्वपि ॥ ३२ ॥
ललाटोदरहृत्कण्ठदक्षपार्श्वांसके ततः।
वामपार्श्वांसकर्णे च पृष्ठदेशे ककुद्यपि ॥ ३३ ॥
ललाटे तु गदां कुर्याद्धृदये नन्दकं पुनः।
शङ्खचक्रं भुजद्वन्द्वे शार्ङ्गबाणं च मूर्द्धनि ॥ ३४ ॥
इत्थं तु वैष्णवः कुर्याच्छैवः कुर्यात् त्रिपुण्ड्रकम्।
अग्निहोत्रोत्थितं भस्मादायाग्निरिति मन्त्रतः ॥ ३५ ॥

अक्षमो रोगादिना ॥ ३१ ॥ * ॥ ३२–३३ ॥ नन्दकं खड्गम् ॥ ३४ ॥ अग्निरिति मन्त्रेण भस्मादाय गृहीत्वा । स यथा – अग्निरिति भस्म वायुरिति भस्म जलमिति भस्म स्थलमिति भस्म व्योमेति भस्म सर्वं ह वा इदं भस्मम् एतानि

प्रकार संक्षेप में पितृतर्पण विधि कही गई ॥ २६ ॥

यदि तीर्थ न मिल सके तो घर पर ही गर्म जल से स्नान करना चाहिये । घर पर स्नान करते समय यथोचित स्वल्प मन्त्र का ही प्रयोग करना चाहिये तथा हाथ में जल लेकर अघमर्षण मन्त्र पढ़ना चाहिये (द्र० २१. १२) ज्वरादि रोगों के कारण स्नान करने में असमर्थ होने पर भस्म अथवा गोधूलि से ही स्नान कर लेना चाहिये ॥ ३०-३१ ॥

तदनन्तर बुद्धिमान साधक आसन पर बैठकर आचमन करे, फिर केशव आदि १२ नामों से शरीर के १२ अङ्गो पर तिलक लगावे । ललाट, उदर, हृदय, कण्ठ, दक्षिणपार्श्व, दाहिना कन्धा, वामपार्श्व, बाया कन्धा, दाहिना कान, वाँया कान पीठ एवं ककुद् - ये १२ अङ्ग तिलक लगाने के लिये कहे गये हैं । ललाट पर गदा, हृदय पर खड्ग दोनों भुजाओं पर शंख एवं चक्र, शिर पर धनुष बाण की आकृति इस प्रकार **वैष्णवों को तिलक लगाने का विधान** कहा गया है ॥ ३२-३४ ॥

शैवों के त्रिपुण्ड लगाने का विधान इस प्रकार है - 'अग्निरिति भस्म, वायुरिति भस्म, जलमिति भस्म, स्थलमिति भस्म, व्योमेति भस्म सर्वं ह वा इदं भस्मम् एतानि चक्षूंषि तस्माद् व्रतमेतत्पाशुपतं यद् भस्मनाङ्गानि संस्पृशेत्' इस मन्त्र

अभिमन्त्र्य त्र्यम्बकेन कुर्यात् पञ्चत्रिपुण्ड्रकम्।
क्रमात्तत्पुरुषाघोरसद्योवामेशनामभिः ॥ ३६ ॥
फलांसोदरवक्षस्तु ऋग्भिस्तेषामथापि वा।
कृत्वा सन्ध्यां स्वशाखोक्तां मन्त्रसन्ध्यां समाचरेत् ॥ ३७ ॥

मन्त्रसन्ध्याविधिः

प्राणायामषडङ्गे च कृत्वादाय करे जलम्।
त्रिर्जप्त्वा मूलमन्त्रेण त्वाचमेत्त्रिर्जपन्मनुम् ॥ ३८ ॥
पुनर्दक्षकरेणाम्भो गृहीत्वा वामहस्ततः।
निधाय तस्माच्च्योतद्भिर्बिन्दुभिः सप्तधा तनुम् ॥ ३९ ॥
सम्मार्ज्य मूलमन्त्रेणावशिष्टं तत्पुनर्जलम्।
दक्षहस्ते समादाय नासिकान्तिकमानयेत् ॥ ४० ॥

चक्षूंषि तस्माद्व्रतमेतत्पाशुपतं यद्भस्मनांगानि संस्पृशेदिति ॥ ३५ ॥ ततस्त्र्यम्बकं यजामहे इति पूर्वोक्त मन्त्रेणाभिमन्त्र्य क्रमाद् भालादिषु तत्पुरुषादिनामभिः पञ्चत्रिपुण्ड्रकं कुर्यात् । यथा – तत्पुरुषाय नमो भाले । अघोराय नमो दक्षांसे। सद्योजाताय नमो वामांसे । वामदेवाय नमो जठरे । ईशानाय नमो वक्षसि । यद्वा तत्पुरुषादिनामस्थले तत्पुरुषाय विद्महे०, अघोरेभ्यः०, सद्योजात प्रपद्यामि०, वामदेवाय नमः०, ईशानः सर्वविद्याना० – इति पञ्चभिरेव मन्त्रैस्त्रिपुण्ड्रकाणि विधेयानि ॥ ३६–३७ ॥ मन्त्रसंध्यामाह – **प्राणायामेति** ॥ ३८–४१ ॥

से अग्निहोत्र की भस्म लेकर 'ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्' -

इस मन्त्रसे अभिमन्त्रित करे। पश्चात् 'तत्पुरुषाय नमः' इस मन्त्र से मस्तक में, 'अघोराय नमः' इस मन्त्र से दाहिने कन्धे में, 'सद्योजाताय नमः' इस मन्त्र से बायें कन्धे में, 'वामदेवाय नमः' इस मन्त्र से जठर में, 'ईशानाय नमः' इस मन्त्र से वक्षःस्थल में त्रिपुण्ड लगाये,अथवा उपर्युक्त नामों के स्थान पर तत्पुरुषाय विद्महे अघोरेभ्यः सद्योजातं प्रपद्यामि०, वामदेवाय नमः०, ईशानः सर्वविद्यानाम्० इन पाँच ऋचाओं से उपर्युक्त पाँचों स्थानों में त्रिपुण्ड लगावे । फिर अपनी शाखा के अनुसार वैदिकसन्ध्या करके मन्त्रसन्ध्या करनी चाहिये ॥ ३५-३७ ॥

अब मन्त्र संध्या की विधि कहते है -

प्राणायाम एवं षडङ्गन्यास कर हाथ में जल लेकर मूल मन्त्र का जप करते हुए तीन बार आचमन करना चाहिये । पुनः दाहिने हाथ से जल लेकर बायें हाथ में रखकर उसे दाहिने हाथ से ढककर, उससे गिरते हुये जल बिन्दुओं से

ईडयान्तः समाकृष्य तद्धौतैः पापसञ्चयैः ।
कृष्णवर्णं पिङ्गलया रेचितं प्रविचिन्त्य तत् ॥ ४१ ॥
क्षिपेदस्त्रेण पुरतः कल्पितेभिदुरोपले ।
अघमर्षणमेतद्धि निखिलाघनिवारणम् ॥ ४२ ॥
पुनरञ्जलिनादाय जलमर्घ्यं दिशेत्ततः ।
त्रिवारं मूलमन्त्रान्ते षोडशार्णमनुं जपन् ॥ ४३ ॥
रविमण्डलसंस्थाय देवायार्घ्यं पदं वदेत् ।
कल्पयामीति दद्याच्च मन्त्रोऽयं षोडशाक्षरः ॥ ४४ ॥
सूर्यमण्डलगं ध्यायन्निष्टदेवमनन्यधीः ।
प्रजपेन्मन्त्र गायत्रीं मूलं चाष्टोत्तरं शतम् ॥ ४५ ॥
अष्टाविंशतिवारं वा तर्पयेत्तावदम्भसि ।
दत्त्वार्घ्यं दिननाथाय तीर्थं संहारमुद्रया ॥ ४६ ॥

भिदुरोपले वज्रपाषाणम् । पापयुक्तं जलं क्षिपेत् । एतदघमर्षणम् ॥ ४२ ॥ मूलमन्त्रमुक्त्वा रविमण्डल संस्थाय देवायार्घ्यं कल्पयामीति षोडषार्णं मन्त्रं जपन् देवायार्घ्यं दद्यात् ॥ ४३–४५ ॥ संहारमुद्रया तीर्थं विसृज्य द्वौ हस्तौ विमुखौ संयोज्य तयोरंगुलीः परस्परसंश्लिष्टाः कृत्वा हस्तौ संमुखौ कुर्यादिति संहारमुद्रा ॥ ४६ ॥ * ॥ ४७ ॥

मूल मन्त्र पढ़ते हुये ७ बार शरीर का मार्जन कर शेष जल को पुनः दाहिने हाथ में लेकर उसे नासिका के पास ले जाना चाहिये ॥ ३८-४० ॥

पश्चात् ईडा नाडी से उसे भीतर खींच कर उसके द्वारा देहगत पापों को धो कर कृष्णवर्ण पाप पुरुष के साथ पिङ्गला द्वारा निकलने की भावना कर अपने सामने कल्पित वज्र शिला पर 'फट्' इस अस्त्र मन्त्र से फेंक देना चाहिये । इस प्रकार से किया गया अघमर्षण साधक के सारे सञ्चित पापों को दूर कर देता है ॥ ४१-४२ ॥

इतना कर लेने के पश्चात् अञ्जलि में जल ले कर मूल मन्त्र के साथ षोडशार्ण मन्त्र का उच्चारण कर अर्घ्य देना चाहिये । 'रविमण्डलसंस्थाय देवायार्घ्यं कल्पयामि' यह षोडशाक्षर मन्त्र है ॥ ४३-४४ ॥

अर्घ्यदान के पश्चात् साधक अपने इष्टदेव का सूर्यमण्डल में एकाग्रचित्त से ध्यान कर गायत्री मन्त्र तथा मूल मन्त्र का एक सौ आठ बार जप करे और २८ बार जल से तर्पण करे । इस प्रकार भगवान् सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संहारमुद्रा से समस्त तीर्थों का विसर्जन कर सूर्यदेव एवं लोकपालों को प्रणाम कर अपने इष्टदेव की स्तुति करे । पश्चात् यज्ञशाला में जा कर पैर धोकर आचमन

विसृज्यार्कं लोकपालान्नत्वा देवस्तुतिं पठन्।
यागस्थानं तथागत्य प्रक्षात्यांघ्री तथाचमेत् ॥ ४७ ॥
गार्हपत्यादिकानग्नीन् हुत्वोपस्थाय तानपि।
देवतागारमागत्य समाचामेद्यथाविधि ॥ ४८ ॥
केशवनारायण माधवैः पीत्वा जलं त्रिधा।
करौ गोविन्द विष्णुभ्यां क्षालयेन्मधुसूदनात् ॥ ४६ ॥
त्रिविक्रमेण चाप्योष्ठौ वामनाच्छ्रीधरान्मुखम्।
हृषीकेशेन हस्तं च चरणौ पद्मनाभतः ॥ ५० ॥
दामोदरेण मूर्द्धानं प्रोक्ष्य संकर्षणादिकान्।
मुखादिषु करांगुल्या वेदादिप्रीणने न्यसेत् ॥ ५१ ॥
मुखे संकर्षणं वासुदेवप्रद्युम्नकौ नसोः।
अनिरुद्धं च पुरुषोत्तममक्ष्णोः प्रविन्यसेत् ॥ ५२ ॥

सत्यग्निहोत्रे आवसथ्ये च तयोर्होममुपस्थानं च कृत्वा देवपूजागृहमागत्य वैष्णवाचमनं कुर्यात् ॥ ४८ ॥ तदेवाह – **केशवेति** । ॐ केशवाय नमः ॐ नारायणाय नमः ॐ माधवाय नमः इति त्रिर्जलं पीत्वा गोविन्दाय नमः विष्णवे नम इति द्वाभ्यां करौ प्रक्षाल्य मधुसूदनाय नमः त्रिविक्रमाय नम इति द्विरोष्ठौ प्रक्षाल्य वामनाय नमः श्रीधराय नमः इति मुखं हृषीकेशाय नमः इति दक्षहस्तं पद्मनाभाय नम इति पादौ च प्रक्षाल्य ॥ ४६–५० ॥ दामोदराय नमः इति शिरः प्रोक्ष्य संकर्षणाय नम इति मुखं वासुदेवाय नमः प्रद्युम्नाय नम इति नासा चांगुष्ठप्रादेशिनीभ्यां स्पृष्ट्वा अनिरुद्धाय० पुरुषोत्तमाय० इत्यक्षिणी ॥ ५१–५२ ॥

करे । फिर सविधि गार्हपत्य अग्नि में होम कर सभी अग्नियों का उपस्थान करे, और देव मन्दिर में जाकर यथाविधि आचमन करे ॥ ४५-४८ ॥

अब **आचमन का प्रकार** कहते हैं -

वैष्णव आचमन विधि - 'ॐ केशवाय नमः, ॐ नारायणाय नमः, ॐ माधवाय नमः' - इन तीन मन्त्रों से हाथ का प्रक्षालन कर 'मधुसूदनाय नमः', 'त्रिविक्रमाय नमः' - इन दो मन्त्रों से ओष्ठ प्रक्षालन करे । फिर 'वामनाय नमः, श्रीधराय नमः' - इन दो मन्त्रों से मुख, फिर 'हृषीकेशाय नमः' से दाहिना हाथ, फिर 'पद्मनाभाय नमः' इस मन्त्र से पादप्रक्षालन करना चाहिये ॥ ४६-५० ॥

फिर 'दामोदराय नमः' से मस्तक का प्रोक्षण कर संकर्षणादि के चतुर्थ्यन्त रूपों के प्रारम्भ में वेदादि (ॐ) तथा अन्त में 'नमः' लगाकर हाथ की अङ्गुलियों से मुख आदि अङ्गो पर क्रमशः इस प्रकार न्यास करना चाहिये -

'ॐ संकर्षणाय नमः' से मुख पर, 'ॐ वासुदेवाय नमः, ॐ प्रद्युम्नाय नमः'

अधोक्षजं नृसिंहं च कर्णयोर्नाभितोऽच्युतम् ।
जनार्दनं हृदि न्यस्येदुपेन्द्रमपि मूर्द्धनि ॥ ५३ ॥
अंसयोश्च हरिं विष्णुं वैष्णवाचमनं त्विदम् ।
केशवाद्याश्चतुर्थ्यन्ता नमोन्ताः प्रणवादिकाः ॥ ५४ ॥
आस्ये नसोः प्रदेशिन्यां नामया नेत्रकर्णयोः ।
कनिष्ठया नाभिदेशेङ्गुष्ठः सर्वत्र संयुतः ॥ ५५ ॥
तलेन हृदये न्यस्येत् सर्वाभिर्मस्तकेंसयोः ।
आत्मविद्या शिवैस्तत्त्वैः स्वाहान्तैः प्रपिबेदपः ॥ ५६ ॥
हां हीं हूं आदिमैः शैवे शाक्ते वाग्बीजपूर्वकैः ।
क्षालनादिकमङ्गुल्या स्पर्शोऽपि स्यादमन्त्रकः ॥ ५७ ॥

अधोक्षजाय० नृसिंहाय० इति कर्णौ चांगुष्ठानादिकाभ्यां स्पृशेत् । अच्युताय० इति अंगुष्ठकनिष्ठिकाभ्यां नाभिम् ॥ ५३ ॥ जनार्दनाय० इति करतलेन हृदयम् । उपेन्द्राय० इति शिरः । हरये० कृष्णाय० इत्यसौ च सर्वाभिः स्पृशेत् । इति वैष्णवाचमनम् । शैवाचमनमाह – **आत्मेति** । हां आत्मतत्त्वाय स्वाहा हीं विद्यातत्त्वाय स्वाहा हूं शिवतत्त्वाय स्वाहेति त्रिर्जलं पीत्वा करक्षालनाद्यं सस्पर्शान्तं उक्तांगुलीभिस्तूष्णीमेव कुर्यात् । इति शैवम् । शाक्ते तु हां इत्यादि स्थाने वाग्बीजमेव ॥ ५३–५७ ॥

से दोनो नासिका पर, 'ॐ अनिरुद्धाय नमः, ॐ पुरुषोत्तमाय नमः' से दोनो नेत्रों पर, 'ॐ अधोक्षजाय नमः ॐ नृसिंहाय नमः' से दोनों कानों पर, 'ॐ अच्युताय नमः' से नाभि पर, 'ॐ जनार्दनाय नमः' से हृदय पर, 'ॐ उपेन्द्राय नमः' से शिर पर तथा 'ॐ हरये नमः, ॐ विष्णवे नमः' से दोनों कन्धों पर न्यास करना चाहिये । यह वैष्णव आचमन की विधि है ॥ ५१-५४ ॥

केशवादि चतुर्थ्यन्त नामों के प्रारम्भ में प्रणव तथा अन्त में नमः लगाकर मुख नासिका पर प्रदेशिनी से, नेत्र एवं कानों पर अनामिका से, नाभि पर कनिष्ठिका से तथा सभी अङ्गुलियों से अङ्गूठा मिलाकर सर्वत्र न्यास करना चाहिये । हृदय पर हथेली से तथा मस्तक तथा दोनों कन्धों पर सभी अङ्गुलियों से न्यास करना चाहिये ॥ ५४-५६ ॥

अब **शैवों की आचमन विधि** कहते हैं -

'हां आत्मतत्त्वाय स्वाहा, हीं विद्यातत्त्वाय स्वाहा, हूं शिवतत्त्वाय स्वाहा' इन मन्त्रों से शैवों को तीन बार आचमन करना चाहिये तथा 'ऐं आत्मतत्त्वाय स्वाहा, हीं विद्यातत्त्वाय स्वाहा, क्लीं शिवतत्त्वाय स्वाहा' इन मन्त्रों से शाक्तों को आचमन करना चाहिये । हाथों का प्रक्षालन तथा

एवमाचम्य सामान्यार्घ्येण द्वारं प्रपूजयेत् ।
तारखं वह्निसर्गाढ्यं द्वारार्घ्यं साधयामि च ॥ ५८ ॥
उक्त्वास्त्र मनुनापाशं क्षालयेत् पूरयेद्धृदा ।
तीर्थान्यावाह्य गन्धादीन्निक्षिपेन्निगमादिना ॥ ५९ ॥
धेनुमुद्रां दर्शयित्वा मूलेनाप्यभिमन्त्रयेत् ।
सामान्यार्घ्यविधिः प्रोक्तस्तेनोक्ता द्वारदेवताः ॥ ६० ॥

द्वारपालपूजनम्

इष्ट्वार्च्चेद्द्वारपालांश्च ते कथ्यन्ते पृथग्विधाः ।
नन्दः सुनन्दश्चण्डश्च प्रचण्डो बलसंज्ञकः ॥ ६१ ॥

सामान्यार्घ्यमाह – **तारमिति** । तार ॐ । खं हः वह्निसर्गाढ्यं रेफविसर्गयुतं ह्रः ॥ ५८ ॥ निगमादिना प्रणवेन ॥ ५९ ॥ यथा – ॐ ह्रः द्वारार्घ्यं साधयामीत्युक्त्वा फडिति पात्रं प्रक्षाल्य नम इति जलेनापूर्य गंगे चेति तीर्थान्यावाह्य प्रणवेन गन्धपुष्पे निक्षिप्य धेनुमुद्रां प्रदर्श्याष्टकृत्वो मूलेन मन्त्रयेत् इति सामान्यार्घ्यविधिः । तेनार्घ्यजलेनोक्ताः प्रथमतरंगो द्वारदेवताः गणेशमहा–लक्ष्मीसरस्वतीविघ्नक्षेत्रपालगंगायमुनाधातृविधातृशंखपद्मनिधिलक्षणाः यथा स्थानं संपूज्य वक्ष्यमाणान् यथास्वं द्वारपालान् पूजयेत् ॥ ६० ॥ वैष्णवान् द्वारपालानाह – **नन्द** इति । शैवानाह – **नन्दिसंज्ञ** इति । ब्रह्माद्यामातरः शक्तेर्द्वारपालाः स्मृताः पूर्वोक्ता बोध्याः ॥ ६१–६३ ॥

अङ्गुलियों से अङ्गों के स्पर्श की प्रक्रिया उपांशु (बिना मन्त्र के मौन हो कर) करनी चाहिये ॥ ५५-५७ ॥

इस प्रकार आचमन कर लेने के पश्चात् सामान्य अर्घ्य (पूजा सामग्री) से देवतागार के द्वार का पूजन करना चाहिये ॥ ५८ ॥

तार (ॐ), विसर्ग सहित वह्नि (र) और ख (ह) अर्थात् (ह्रः), फिर द्वारार्घ्य साधयामि' इतना कह कर अस्त्र मन्त्र (फट्) से अर्घ्य पात्र का प्रक्षालन करना चाहिये । फिर हृद् (नमः) मन्त्र से जल भर कर 'गङ्गे च यमुने चैव' इत्यादि मन्त्र से उसमें तीर्थों का आवाहन करना चाहिये । तदनन्तर निगम (प्रणव) मन्त्र से उसमें गन्धादि डालना चाहिये । फिर धेनुमुद्रा दिखाकर मूलमन्त्र से उसे अभिमन्त्रित करना चाहिये ॥ ५८-६० ॥

यहाँ तक सामान्यार्घ्य की विधि कही गई । इस प्रकार के अर्घ्य से द्वारदेवताओं का पूजन कर द्वारपालों का पूजन करना चाहिये । ये द्वारपाल सांप्रदायिक दष्टि से भिन्न-भिन्न कहे गये है ॥ ६०-६१ ॥

प्रबलो भद्रसंज्ञश्च सुभद्रा वैष्णवा मताः ।
नन्दिसंज्ञो महाकालो गणेशो वृषभस्तथा ॥ ६२ ॥
भृंगिरिट्यभिधः स्कन्दः पार्वतीशाभिधो परः ।
चण्डेश्वर इमे शैवाः शाक्तेया मातरः स्मृताः ॥ ६३ ॥
वक्रतुण्डश्चैकदंष्ट्रौ महोदरगजाननौ ।
लम्बोदरश्च विकटो विघ्नराजश्च सप्तमः ॥ ६४ ॥
धूमराजो गणपतेर्द्वारपाला इमे स्मृताः ।
इन्द्रो यमोऽथ वरुणः कुबेरस्त्रैपुराः स्मृताः ॥ ६५ ॥
ईशः कृशानुरक्षांसि वायुश्चैवाष्टमः स्मृतः ।
द्वारपूजां विधायेत्थं विघ्नानुत्सारयेत्त्रिधा ॥ ६६ ॥
आत्मानं शंकरं ध्यात्वा दृष्ट्या दिव्यान्निवारयेत् ।
नभस्थानमर्घ्यपानीयैः पार्ष्णिघातैर्धरागतान् ॥ ६७ ॥
अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमिसंस्थिताः ।
ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया ॥ ६८ ॥

गणेशानाह – वक्रेति ॥ ६४ ॥ * ॥ ६५ ॥ त्रिधा त्रिप्रकारान् दिव्यन्तरिक्ष–भूमिस्थान् ॥ ६६॥ अर्घ्यपानीयैः सामान्यार्घजलैरन्तरिक्षस्थान् ॥ ६७॥ *॥ ६८–६६॥

नन्द, सुनन्द, चण्ड, प्रचण्ड, बल, प्रबल, बलभद्र तथा सुभद्रा - ये **विष्णु के द्वारपाल** कहे गये हैं । नन्दी, महाकाल, गणेश, वृषभ, भृंगिरिटि, स्कन्द, पार्वतीश एवं चण्डेश्वर - ये **शिव के द्वारपाल** हैं । ब्राह्मी आदि अष्टमातृकायें **शक्ति की द्वारपाल** कही गई हैं । वक्रतुण्ड, एकदंष्ट्र, महोदर, गजानन, लम्बोदर, विकट, विघ्नराज एवं धूम्रराज - ये **गणपति के द्वारपाल** हैं । इन्द्र, यम, वरुण, कुबेर, ईशान, अग्नि, निर्ऋति एवं वायु - ये **त्रिपुरा के द्वारपाल** कहे गये हैं ॥ ६१-६६ ॥

इस क्रम से सांप्रदायिक द्वारपूजा करने के बाद दिव्य, अन्तरिक्ष एवं भौम इन त्रिविध विघ्नों का उत्सारण करना चाहिये ॥ ६६ ॥

अब **विघ्नोत्सारण का विधान** कहते हैं -

स्वयं को ध्यानस्थ शंकर मानकर दिव्य दृष्टि से विघ्नों का, अर्घ्य जल से अन्तरिक्षस्थ विघ्नों का तथा पैर से भूमिगत विघ्नों का उत्सारण करना चाहिये ।

तदनन्तर - अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूमिसंस्थिताः ।
ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया ॥ १ ॥
अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम् ।
सर्वेषामविरोधेन ब्रह्मकर्मसमारभे ॥ २ ॥

अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशम् ।
सर्वेषामविरोधेन ब्रह्माकर्मसमारभे ॥ ६६ ॥
विनिवार्याखिलान् विघ्नानिदं मन्त्रद्वयं पठन् ।
अवकाश प्रदानायान्तरायाणां विनिर्यताम् ॥ ७० ॥
संकोचयन्वाममङ्गं गृहं दक्षपदा विशेत् ।
क्षेत्रपालं विधातारं नैर्ऋत्यां दिशि पूजयेत् ॥ ७१ ॥

पूजागृहप्रवेशोत्तरमासनादिविधिः

अनन्तं विमलं पद्मं ङेन्तासननमोन्वितम् ।
जपन्निधाय दर्भास्त्रीन् कुशचर्माम्बरासने ॥ ७२ ॥
काष्ठपल्लववंशाश्मगोशकृत्तृणमृण्मयम् ।
विषमं कठिनं मन्त्री त्यजेदासनमाधिदम् ॥ ७३ ॥
पृथ्वि त्वयेति मन्त्रेण प्रागुदग्वा समाविशेत् ।
कुर्यात्स्वस्तिकपाथोज वीरादिष्वेकमासनम् ॥ ७४ ॥

विनिर्यतां गृहान्निर्गच्छताम् अन्तरायाणां विघ्नानामवकाशदानाय वामांगं संकोचयन् दक्षिणपादेन गृहं प्रविशेत् ॥ ७०–७१ ॥ कुशासनव्याघ्रचर्मवस्त्राणा–मुपर्युपरिस्थापितानामुपरि अनन्तासनाय नमः विमलासनाय नमः पद्मासनाय नमः इति मन्त्रत्रयेण त्रीन् दर्भान्निदध्यात् ॥ ७२ ॥ आधिदं मानसपीडाप्रदम् ॥ ७३ ॥ प्रागुदग्वा प्राङ्मुखउदङ्मुखो वा । पाथोजं पद्मम् । स्वस्तिकासनपद्मासनवीरासनेष्वन्यतममासनं कुर्य्यात् ।

स्वस्तिकासनलक्षणं यथा –

जानूर्वोरन्तरं कृत्वा सम्यक्पादतले उभे ।
ऋजुकायो विशेद्योगी स्वस्तिकं तत्प्रचक्षते ॥

इन दो मन्त्रों को पढ़कर सभी प्रकार के विघ्नों का उत्सारण करना चाहिये । जाते हुये विघ्नों को अवकाश देने के लिये अपना वामाङ्ग संकुचित कर लेना चाहिये ।

फिर दाहिना पैर आगे रख कर गृह में प्रवेश करना चाहिये तथा नैर्ऋत्य कोण में क्षेत्रपाल एवं विधाता का पूजन करना चाहिये ॥ ६७-७१ ॥

अब **आसन पर बैठने का विधान** कहते हैं -

प्रथम कुशासन उसके ऊपर व्याघ्रचर्म उसके ऊपर रेशमी वस्त्र इस क्रम से रखकर साधक - अनन्तासनाय नमः, विमलासनाय नमः, पद्मासनाय नमः - इन तीन मन्त्रों को पढ़कर तीन कुशा स्थापित करे । काष्ठ, पत्ता एवं कठिन बाँस,

अर्घ्यपाद्याचमनीयमधुपर्काचमस्य च ।
पञ्चपात्राणि पुष्पादीन् स्थापयेत्स्वीय दक्षिणे ॥ ७५ ॥

पद्मासनं यथा –

'ऊर्वोरुपरि विन्यस्य सम्यक्पादतले उभे ।
अङ्गुष्ठौ च निबध्नीयाद्धस्ताभ्यां व्युत्क्रमात्ततः ॥
पद्मासनमिति प्रोक्तं योगिनां हृदयङ्गमम्' ॥ इति ॥

अत्र हस्ताभ्यां पादाङ्गुष्ठनिबन्धनं तु योगाभ्यासान्वितं बोध्यम् । योगिनां हृदयङ्गममिति विशेषणोपादानात् । जपादौ तु पादतलयोरूर्वोरुपरि न्यासमात्रं पद्मासनम् ॥

वीरासनलक्षणं यथा –

एकं पादमधः कृत्वा विन्यस्योरौ तथेतरम् ।
ऋजुकायो विशेद्योगी वीरासनमितीरितम् ॥ इति शारदातिलके॥

आदिशब्दात्षट्कर्मोक्तमपि ॥ ७४ ॥ * ॥ ७५ ॥

पत्थर, तृणगोशकृत् एवं मिट्टी से बने आसन विषम होते हैं । अतः पीड़ादायक होने के कारण इन आसनों को वर्जित कर देना चाहिये ॥ ७२-७३ ॥

ॐ पृथ्वी त्वया धृता लोका देवित्वं विष्णुनाधृता ।
त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम् ॥

इस मन्त्र को विनियोगपूर्वक पढ़कर पूर्व या उत्तर की ओर मुख कर स्वस्तिक, पद्मासन अथवा वीरासन से बैठना चाहिये ।

विमर्श - आसन पर बैठने का **विनियोग** - ॐ पृथ्वीतिमन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः सुतलं छन्दः कूर्मो देवता आसनोपवेशेने विनियोगः ।

आसनों के लक्षण इस प्रकार हैं -

स्वस्तिकासन - पैर के दोनों जानु और दोनों ऊरू के बीच दोनों पादतल को अर्थात् दक्षिण पाद के जानु और ऊरू के मध्य वाम पादतल एवं वामपाद के जानु और ऊरू के मध्य दक्षिण पादतल को स्थापित कर शरीर को सीधे कर बैठने का नाम स्वस्तिकासन है ।

पद्मासन - दोंनों ऊरू के ऊपर दोनों पादतल को स्थापित कर व्युत्क्रम पूर्वक (हाथों को उलट कर) दोनों हाथों से दोनों हाथ के अंगूठे को बींध लेने का नाम पद्मासन कहा गया है ।

वीरासन - एक पैर को दूसरे पैर के नितम्ब के नीचे स्थापित करे तथा दूसरे पादतल को नितम्ब के नीचे स्थापित किए गए पैर के ऊरू पर रक्खे तथा शरीर को सीधे रक्खे तो वह वीरासन कहा जाता है ॥ ७४ ॥

वामेम्बुपात्रं व्यजनं छत्रमादर्शचामरे।
कृताञ्जलिर्वामदक्षे गुरून् गणपतिं नमेत्॥ ७६॥
न्यस्यास्त्रं करयोस्तालत्रयं दिग्बन्धनं चरेत्।
अङ्गुष्ठयुक्त तर्जन्या सुर्दशनमनुं जपन्॥ ७७॥

सुदर्शनमन्त्रः

प्रणवो हृदयं ङेन्तं सुदर्शनपदं पुनः।
अस्त्राय च फडित्युक्तो मन्त्रो द्वादशवर्णवान्॥ ७८॥
विधाय वह्निप्राकारं भूताजेयो भवेत्सुधीः।
भूतशुद्धिं तथा प्राणप्रतिष्ठां मातृकास्थितिम्॥ ७६॥
पञ्चधोक्तां प्रकुर्वीत ततोऽन्यान् मातृकां चरेत्।
श्रीकण्ठाद्याञ्छम्भुभक्तो वैष्णवः केशवादिकान्॥ ८०॥
गणेशाद्यांस्तु तत्सेवी शक्तिभाङ्मातृकाः कलाः।
ताः क्रमेणैव कथ्यन्ते मुन्यादिन्यासपूर्विकाः॥ ८१॥

वामे गुरून् दक्षे गणेशम् ॥ ७६ ॥ करयोरस्त्रं न्यस्योपर्युपरि तालत्रयं कृत्वाङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां शब्दं कुर्वन् सुदर्शनमन्त्रेण दिग्बन्धनं चरेत् ॥ ७७ ॥ सुदर्शनमन्त्रमाह – **प्रणव** इति । ॐ नमः सुदर्शनाय अस्त्राय फडिति ॥ ७८–७६ ॥ पञ्चधा मातृकास्थितिः। सृष्टिस्थितिसंहारसृष्टिस्थितिलक्षणं पञ्चविधं मातृकान्यासम्। उक्तां प्रथमतरंगे । अन्यान् । श्रीकण्ठाद्यान् ॥ ८०॥

अर्घ्य, पाद्य, आचमनीय, मधुपर्क एवं पुनराचमनीय के पाँचों पात्र तथा पुष्पादि अपनी दाहिनी ओर रखना चाहिये और जलपात्र, व्यजन (पंखा), छत्र, आदर्श (शीशा) एवं चमर बायीं ओर स्थापित करना चाहिये ॥ ७५-७६ ॥

साधक अञ्जलि बाँध कर अपनी बायीं ओर गुरु को तथा दाहिनी ओर गणपति को प्रणाम करे । दोनों हाथ पर अस्त्र (फट्) मन्त्र से न्यास कर तीन बार ताली बजाकर अङ्गूठा एवं तर्जनी से शब्द करते हुये सुदर्शन मन्त्र पढ़कर दिग्बन्धन करना चाहिये ॥ ७६-७७ ॥

प्रणव (ॐ), हृदय (नमः), चतुर्थ्यन्त सुदर्शन (सुदर्शनाय), और फिर 'अस्त्राय फट्', यह १२ अक्षरों का मन्त्र कहा गया है ॥ ७८ ॥

इस मन्त्र से अपने चारों ओर अग्नि का प्राकार बनाकर साधक भूतों से अजेय हो जाता है । इसके पश्चात् भूतशुद्धि, प्राणप्रतिष्ठा एवं पञ्चविध (सृष्टि, स्थिति, संहार, सृष्टि, स्थिति) मातृकान्यासों को करना चाहिये । तदनन्तर अन्य मातृका न्यास करना चाहिये ॥ ७६-८० ॥

मुनिः स्याद्दक्षिणामूर्तिर्गायत्रीछन्द ईरितम् ।
अर्द्धाद्रिजाहरो देवो नियोगः सर्वसिद्धये ॥ ८२ ॥
हलो बीजानि गुह्ये तु स्वराञ्छक्तीः पदोर्न्यसेत् ।
हसाभ्यां दीर्घयुक्ताभ्यां कृत्वाङ्गं शङ्करं स्मरेत् ॥ ८३ ॥

ध्यानादिकथनम्

पाशांकुशवराक्षस्रक्पाणिशीतांशुशेखरम् ।
त्र्यक्षं रक्तसुवर्णाभमर्द्धनारीश्वरं भजेत् ॥ ८४ ॥

तत्सेवी गणेशसेवी ॥ ८१ ॥ * ॥ ८२–८३ ॥ ध्यानमाह – **पाशेति** । पाशांकुशौ वामयोः । रक्ताभो हरांशः । सुवर्णाभो देव्यंशः ॥ ८४ ॥

यथा - शैवों को श्रीकण्ठ मातृकान्यास, वैष्णवों को केशवादि कीर्तिन्यास, गाणपत्यों को गणेशकलान्यास तथा शाक्तों को शक्तिकलान्यास करना चाहिये ॥ ८०-८१ ॥

अब इन **न्यासों के ऋषि** आदि को क्रमशः कहता हूँ -

प्रथम **श्रीकण्ठ न्यास का विनियोग एवं षडङ्गन्यास** कहते हैं - इस श्रीकण्ठ मातृकान्यास के दक्षिणामूर्ति ऋषि हैं, गायत्री छन्द हैं और अर्द्धनारीश्वर देवता हैं। सब सिद्धियों के लिये इसका विनियोग किया जाता है । हल बीज है तथा स्वर शक्ति है । इससे क्रमशः गुप्ताङ्ग एवं पैरों पर न्यास करना चाहिये । षड्दीर्घ सहित (ह्स) से षडङ्गन्यास कर शंकर का ध्यान करना चाहिये ॥ ८१-८३ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीकण्ठमातृकामन्त्रस्य दक्षिणामूर्तिर्ऋषि गायत्रीच्छन्दः अर्द्धनारीश्वरों देवता हलो बीजानि स्वरा शक्तयः सर्वकार्य सिद्ध्यर्थे न्यासे विनियोगः ।

ऋष्यादिन्यास - ॐ दक्षिणामूर्ति ऋषये नमः, शिरसि,
ॐ गायत्रीछन्दसे नमः, मुखे, ॐ अर्द्धनारीश्वरो देवतायै नमः, हृदि,
ॐ हल्भ्योः बीजेभ्यो नमः, गुह्ये, ॐ स्वरशक्तिभ्यो नमः, पादयोः,
ॐ विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे ।

षडङ्गन्यास - ह्सां हृदयाय नमः, ह्सीं शिरसे स्वाहा,
ह्सूं शिखायै वषट्, ह्सैं कवचाय हुम,
ह्सौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ह्सः अस्त्राय फट् ॥ ८२-८३ ॥

अब **अर्द्धनारीश्वर का ध्यान** कहते हैं -

जिनके चार हाथों में पाश, अंकुश, वर और अक्षमाला शोभित हो रहे हैं मस्तक पर चन्द्रकला धारण किये हुये त्रिनेत्र ऐसे सुवर्ण की कान्ति वाले भगवान् अर्द्धनारीश्वर का ध्यान करना चाहिये ॥ ८४ ॥

एवं ध्यायञ्छम्भुशक्ती चतुर्थ्यन्तनमोन्विते ।
ह्सौं बीजं मातृका पूर्वं विन्यसेन्मातृकास्थले ॥ ८५ ॥

मातृकान्यासकथनम्

श्रीकण्ठपूर्णोदर्यौ चानन्तो विरजयान्वितः ।
सूक्ष्मेशः शाल्मलीयुक्तो लोलाक्षीयुक्त्रिमूर्तिकाः ॥ ८६ ॥
अमरेशो वर्तुलाक्षावर्घीशो दीर्घघोणया ।
भारभूतिर्दीर्घमुखी तिथीशो गोमुखीयुतः ॥ ८७ ॥
स्थाण्वीशो दीर्घजिह्वायुग्धरः कुम्भोदरीयुतः ।
झिण्टीशश्चोर्ध्वकेशी भौतिको विकृतमुख्यपि ॥ ८८ ॥
सद्यो ज्वालामुखी चानुग्रह उल्कामुखीयुतः ।
अक्रूरः श्रीमुखी महासेनो विद्यामुखीयुतः ॥ ८९ ॥
क्रोधीशश्च महाकाल्या चण्डेशश्च सरस्वती ।
पञ्चान्तकः सर्वसिद्धि गौरीयुक्तः प्रकीर्तितः ॥ ९० ॥
शिवोत्तमेशो विन्यस्यो युक्तस्त्रैलोक्यविद्यया ।
एकरुद्रो मन्त्रशक्तिः कूर्मेशश्चात्मशक्तियुक् ॥ ९१ ॥
एकनेत्रो भूतमात्रायुक्तः स्याच्चतुराननः ।
लम्बोदर्यायुतः प्रोक्तो ह्यजेशो द्राविणीयुतः ॥ ९२ ॥

मातृकास्थले ललाटादौ पूर्वोक्ते ॥ ८५ ॥ प्रयोगो यथा – ह्सौं अं श्रीकण्ठेशपूर्णोदरिभ्यां नमः ललाटे। ह्सौं आं अनन्तेशविरजाभ्यां नमो मुखवृत्ते इत्यादि० ॥ ८६ ॥ * ॥ ८७–८८ ॥ सद्यः सद्योजाता ॥ ८९ ॥ * ॥ ९०–९९ ॥

अब **श्रीकण्ठ मातृकान्यास का प्रकार** कहते हैं –

उक्त प्रकार से अर्द्धनारीश्वर भगवान् का ध्यान कर शिवशक्ति के चतुर्थ्यन्त द्विवचन रूपों के आगे नमः लगा कर प्रारम्भ में ह्सौं एवं मातृकावर्णो को लगाकर यथा क्रमेण मातृका स्थलों में न्यास करना चाहिये ॥ ८५ ॥

श्रीकण्ठ एवं पूर्णोदरी, अनन्त एवं विरजा, सूक्ष्मेश एवं शाल्मली, त्रिमूर्तीश एवं लोलाक्षि, अमरेश एवं वर्तुलाक्षी, अर्घीश एवं दीर्घघोणा, भारभूति एवं दीर्घमुखी, तिथीश एवं गोमुखी, स्थाण्वीश एवं दीर्घजिह्वा, हर एवं कुम्भोदरी, झिण्टीश एवं ऊर्ध्वकेशी, भौतिकेश एवं विकृतमुखी, सद्योजात एवं ज्वालामुखी, अनुग्रहेश एवं उल्कामुखी, अक्रूरेश एवं श्रीमुखी, महासेनेश एवं विद्यामुखी, क्रोधीश एवं महाकाली, चण्डेश एवं सरस्वती, पञ्चान्तक एवं सर्वसिद्धिगौरी, शिवोत्तमेश एवं त्रैलोक्यविद्या, एकरूद्र एवं मन्त्रशक्ति, कूर्मेश एवं आत्मशक्ति, एकनेत्रेश एवं

सर्वेशो नागरी युक्तः सोमेशश्चापि खेचरी ।
लाङ्गलीश्च मञ्जर्या दारकेशश्च रूपिणीं ॥ ९३ ॥
अर्द्धनारीशवीरिण्यावुमाकान्तः पुनर्युतः ।
काकोदर्या तथाषाढी पूतनायुक्त ईरितः ॥ ९४ ॥
चण्डीशो भद्रकालीयुगन्त्रीशो योगिनीयुतः ।
मीनेशः शङ्खिनीयुक्तो मेषेशस्तर्जनीयुतः ॥ ९५ ॥
लोहितः कालरात्रिश्च शिखीशः कुब्जनायुतः ।
छगलण्डः कपर्दिन्या द्विरण्डेशश्च वज्रया ॥ ९६ ॥
महाकालो जयायुक्तो बालीशः सुमुखेश्वरी ।
भुजङ्गो रेवतीयुक्तः पिनाकी माधवीयुतः ॥ ९७ ॥
खड्गीशो वारुणीयुक्तो बकेशो वायवीयुतः ।
श्वेतो रक्षोविदारिण्या भृगुः सहजयायुतः ॥ ९८ ॥
नकुलीशश्च लक्ष्मीयुक्छिवेशो व्यापिनीयुतः ।
सम्वर्तको महामाया प्रोक्ता श्रीकण्ठमातृका ॥ ९९ ॥
यत्र त्वीशपदं नोक्तं श्रीकण्ठादिषु नामसु ।
तत्र सर्वत्र वक्तव्यं शक्तिभ्यां हृत् ततो वदेत् ॥ १०० ॥

श्री कण्ठानन्तत्रिमूर्त्यादौ पदे यत्रेशपदं नास्ति श्रीकण्ठशेत्यत्रेव तत्राऽपि ज्ञेयम् । शक्तिभ्यां पूर्णोदरी प्रभृतिभ्यां चतुर्थी द्विवचनम् । हृन्नमः । तथा प्रयोग उक्तः ॥ १०० ॥

भूतमातृ, चतुराननेश एवं लम्बोदरी, अजेश एवं द्रावणी, सर्वेश एवं नागरी, सोमेश एवं खेचरी, लाङ्गलीश एवं मञ्जरी, दारकेश एवं रूपिणी, अर्धनारीश एवं वीरिणी, उमाकान्त एवं काकोदरी, आषाढीश एवं पूतना, चण्डीश एवं भद्रकाली, अन्त्रीश एवं योगिनी, मीनेश एवं शंखिनि, मेषेश एवं तर्जनी, लोहितेश एवं कालरात्रि, शिखीश एवं कुब्जिनी, छगलण्डेश एवं कपर्दिनी, द्विरण्डेश एवं वज्रा, महाकाल एवं जया, बालीश एवं सुमुखेश्वरी, भुजङ्गेश एवं रेवती, पिनाकीश एवं माधवी, खड्गीश एवं वारुणी, बकेश एवं वायवी, श्वतेश एवं रक्षोविदारिणी, भृग्वीश एवं सहजा, नकुलीश एवं लक्ष्मी, शिवेश एवं व्यापिनी तथा संवर्तक एवं महामाया - इतने श्रीकण्ठादि तथा मातृकायें कही गई हैं ॥ ८६-९९ ॥

श्रीकण्ठ आदि नामों में जहाँ ईश पद नहीं कहा गया है वहाँ सर्वत्र ईश पद जोड़ लेना चाहिये । जैसे श्री कण्ठेश, अनन्तेश आदि । शक्ति के अन्त में चतुर्थ्यन्त द्विवचन बोल कर नमः पद जोड़ देना चाहिये ॥ १०० ॥

त्वगसृङ्मांसमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राण्यसून् वदेत्।
शक्तिं क्रोधं तथात्मभ्यामन्तान्यादि दशस्वपि ॥ १०१ ॥

त्वगिति यादिदशवर्णेषु त्वगादीनात्मभ्यामित्यन्तान् वदेत् । यथा – ह्सौं यं त्वगात्मभ्यां बालीशसुमुखेश्वरीभ्यां नमः हृदि । ह्सौं रं असृगात्मभ्यां भुजङ्गेशरेवतीभ्यां नमो दक्षांस इत्यादि० ॥ १०१ ॥

अन्त के यकारादि दश वर्णो के साथ, त्वग्, असृङ्, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा, शुक्र, प्राण, शक्ति एवं क्रोध के साथ आत्मभ्यां जोड़ देना चाहिये । तथा सर्वत्र आदि में ह्सौं यह बीज जोड देना चाहिये । इसका स्पष्टीकरण आगे वक्ष्यमाण न्यास में द्रष्टव्य हैं ॥ १०१ ॥

विमर्श – न्यास विधि –

ॐ ह्सौं अं श्रीकण्ठेशपूर्णोदरीभ्यां नमः ललाटे । ॐ ह्सौं आं अनन्तेशविरजाभ्यां नमः, मुखवृत्ते । ॐ ह्सौं इं सूक्ष्मेशशाल्मलीभ्यां नमः, दक्षनेत्रे । ॐ ह्सौं ईं त्रिमूर्तीशलोलाक्षीभ्यां नमः, वामनेत्रे । ॐ ह्सौं उं अमरेशवर्तुलाक्षीभ्यां नमः दक्षकर्णे, ॐ ह्सौं ऊं अर्घीशदीर्घघोणाभ्यां नमः वामकर्णे, ॐ ह्सौं ऋं भारभूतेशदीर्घमुखाभ्यां नमः दक्षनासापुटे, ॐ ह्सौं ॠं तिथीशगोमुखीभ्यां नमः वामनासापुटे, ॐ ह्सौं लृं स्थाण्वीशदीर्घजिह्वाभ्यां नमः दक्षगण्डे, ॐ ह्सौं लॄं हरेशकुण्डोदरीभ्यां नमः वामगण्डे, ॐ ह्सौं एं झिण्टीशऊर्ध्वकेशीभ्यां नमः ऊर्ध्वोष्ठे, ॐ ह्सौं ऐं भौतिकेशविकृतमुखीभ्यां नमः अधरोष्ठे, ॐ ह्सौं ओं सद्योजातज्वालामुखीभ्यां नमः, ऊर्ध्वदन्तपंक्तौ, ॐ ह्सौं औं अनुग्रहेशकाममुखीभ्यां नमः अधोदन्तपंक्तौ, ॐ ह्सौं अं अक्रूरेशश्रीमुखीभ्यां नमः शिरसि, ॐ ह्सौं अः महासेनेशविद्यामुखीभ्यां नमः मुखे, ॐ ह्सौं कं क्रोधीशमहाकालीभ्यां नमः जिह्वाग्रे, ॐ ह्सौं खं चण्डीशसरस्वतीभ्यां नमः कण्ठदेशे, ॐ ह्सौं गं पञ्चान्तकेशसर्वसिद्धिगौरीभ्यां नमः दक्षबाहुमूले, ॐ ह्सौं घं शिवोत्तमेशत्रैलोक्यविद्याभ्यां नमः दक्षकूर्परे, ॐ ह्सौं ङं एकरुद्रेशमन्त्रशक्तिभ्यां नमः दक्षमणिबन्धे, ॐ ह्सौं चं कूर्मेशआत्मशक्तिभ्यां नमः दक्षहस्ताङ्गुलिमूले, ॐ ह्सौं छं एकनेत्रेशभूतमातृभ्यां नमः दक्षहस्ताङ्गुल्यग्रे, ॐ ह्सौं जं चतुराननेशलम्बोदारीभ्यां नमः वामबाहुमूले, ॐ ह्सौं झं अजेशद्रावणीभ्यां नमः वामकूर्परे, ॐ ह्सौं ञं सर्वेशनागरीभ्यां नमः वाममणिबन्धे, ॐ ह्सौं टं सोमेशखेचरीभ्यां नमः वामहस्ताङ्गुलिमूले, ॐ ह्सौं ठं लाङ्गलीशमञ्जरीभ्यां नमः वामहस्ताङ्गुल्यग्रे, ॐ ह्सौं डं दारकेशरूपिणीभ्यां नमः दक्षपादमूले, ॐ ह्सौं ढं अर्धनारीशवीरिणीभ्यां नमः दक्षजानूनि, ॐ ह्सौं णं उमाकान्तेशकाकोदरीभ्यां नमः दक्षगुल्फे, ॐ ह्सौं तं आषाढीशपूतनाभ्यां नमः दक्षपादाङ्गुलिमूले, ॐ ह्सौं थं चण्डीशभद्रकालीभ्यां नमः दक्षपादाङ्गुल्यग्रे, ॐ ह्सौं. दं अत्रीशयोगिनीभ्यां नमः वामपादमूले, ॐ ह्सौं धं मीनेशशंखिनीभ्यां नमः वामजानौ, ॐ ह्सौं नं

केशवादि मातृकायां साध्यनारायणो मुनिः ।
अमृताद्या तु गायत्रीच्छन्दो लक्ष्मीर्हरिः सुरः ॥ १०२ ॥

षडङ्गन्यासः

द्विरुक्तैः शक्तिश्रीकामैः षडङ्गानि समाचरेत् ।

विष्णुध्यानादिकथनम्

शंख चक्र गदापद्म कुम्भादर्शाब्जपुस्तकम् ॥ १०३ ॥

केशवादिमातृकामाह – **केशवादीति** ॥ १०२ ॥ षडङ्गमाह – **द्विरुक्तैरिति** । ह्रीं हृत् । श्रीं शिरः क्लीं शिखा । ह्रीं वर्म । श्रीं नेत्रम् । क्लीं अस्त्रम् । ध्यानमाह – **शंखेति** । शंखादीनि दक्षे । कुम्भादीनि वामे। मेघा भो हर्यंशः । चपला विद्युत् । तन्निभो लक्ष्म्यंशः ॥ १०३–१०४ ॥

मेषेशतर्जनीभ्यां नमः वामगुल्फे, ॐ ह्सौं पं लोहितेशकालरात्रीभ्यां नमः वामपादाङ्गुलिमूले, ॐ ह्सौं फं शिखीशकुब्जिनीभ्यां नमः वामपादाङ्गुल्यग्रे, ॐ ह्सौं बं छागलण्डेशकपर्दिनीभ्यां नमः दक्षपार्श्वे, ॐ ह्सौं भं द्विरण्डेशवज्राभ्यां नमः वामपार्श्वे, ॐ ह्सौं मं महाकालेशजयाभ्यां नमः पृष्ठे, ॐ ह्सौं यं त्वगात्मभ्यां बालीशसुमुखेश्वरीभ्यां नमः उदरे, ॐ ह्सौं रं असृगात्मभ्यां भुजङ्गेशरेवतीभ्यां नमः हृदि, ॐ ह्सौं लं मांसात्मभ्यां पिनाकीशमाधवीभ्यां नमः दक्षांसे, ॐ ह्सौं वं मेदात्मभ्यां खड्गीशवारुणीभ्यां नमः ककुदि, ॐ ह्सौं शं अस्थ्यात्मभ्यां बकेशवायवीभ्यां नमः वामांसे, ॐ ह्सौं षं मज्जात्मभ्यां श्वेतेशरक्षोविदारिणीभ्यां नमः हृदयादिदक्षहस्तान्तम्, ॐ ह्सौं सं शुक्रात्मभ्यां भृग्वीशसहजाभ्यां नमः हृदयादिवामहस्तान्तम्, ॐ ह्सौं हं प्राणात्मभ्यां नकुलीशलक्ष्मीभ्यां नमः हृदयादिदक्षपादान्तम्, ॐ ह्सौं लं शक्त्यात्मभ्यां शिवेशव्यापिनीभ्यां नमः हृदयादिवामपादान्तम्, ॐ ह्सौं क्षं क्रोधात्मभ्यां संवर्तकेशमहामायाभ्यां नमः हृदयादिमस्तकान्तम् ॥ ८६-१०१ ॥

अब **केशवादि मातृकाओं का विनियोग** कहते हैं -

केशवमातृका मन्त्र के नारायण ऋषि हैं, अमृतगायत्री छन्द है तथा लक्ष्मी एवं हरि देवता हैं । शक्तिबीज, श्रीबीज एवं कामबीज की दो आवृत्तियाँ कर षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १०२-१०३ ॥

विमर्श - **विनियोग** - अस्य केशवमातृकान्यासस्य नारायण ऋषिरमृतगायत्रीच्छन्दः लक्ष्मीहरीदेवते न्यासे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ह्रीं हृदयाय नमः, श्रीं शिरसे स्वाहा, क्लीं शिखायै वषट्, ह्रीं कवचाय हुम्, श्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्, क्लीं अस्त्राय फट् ॥ १०२-१०३ ॥

बिभ्रतं मेघचपलावर्ण लक्ष्मीहरिं भजे ।
एवं ध्यात्वा जपेच्छक्तिं श्रीकामपुटिताक्षराम् ॥ १०४ ॥
भ्यामन्तविष्णुशक्त्यन्तां नमोन्तां प्रणवादिकाम् ।
केशवः कीर्तिसंयुक्तः कान्तिर्नारायणान्विता ॥ १०५ ॥
माधवस्तुष्टि संयुक्तो गोविन्दः पुष्टिसंयुतः ।
विष्णुस्तु धृतिसंयुक्तः शान्तियुङ्मधुसूदनः ॥ १०६ ॥
त्रिविक्रमः क्रियायुक्तो वामनो दययान्वितः ।
श्रीधरो मेधयायुक्तो हृषिकेशश्च हर्षया ॥ १०७ ॥
पद्मनाभयुक्ता श्रद्धा लज्जादामोदरान्विता ।
वासुदेवश्च लक्ष्मीयुक्संकर्षणसरस्वती ॥ १०८ ॥
प्रद्युम्नः प्रीतिसंयुक्तोऽनिरुद्धो रतिसंयुतः ।
चक्रीजयागदीदुर्गा शार्ङ्गी तु प्रभयान्वितः ॥ १०९ ॥
खड्गीतु सत्यययायुक्तः शङ्खीचण्डासमन्वितः ।
हलीवाणी समायुक्तो मुसली च विलासिनी ॥ ११० ॥

भ्यामन्ते ययोरीदृशौ विष्णुशक्तीः अन्ते यस्यास्ताम् । तथा नमोन्ते यस्याः सा नमोन्ता । प्रणव आदौ यस्याः सा प्रणवादिका । सा च सा च ताम् । यथा – ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अं क्लीं श्रीं ह्रीं केशवकीर्तिभ्यां नमः इत्यादि० ॥ १०५ ॥ * ॥ १०६–११६ ॥

अब **लक्ष्मी और हरि का ध्यान** कहते हैं- अपने हाथों में शंख, चक्र, गदा, पद्म, कुम्भ, आदर्श, कमल एवं पुस्तक धारण किये हुये, मेघ एवं विद्युत जैसी कान्ति वाले लक्ष्मी और हरि का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १०३-१०४ ॥

इस प्रकार ध्यान कर शक्ति (ह्रीं) श्री (श्रीं) तथा काम (क्लीं) से संपुटित अकारादि वर्ण, फिर विष्णु एवं उनकी शक्ति के नाम के अन्त में चतुर्थी द्विवचन तथा अन्त में नमः तथा प्रारम्भ में प्रणव लगा कर न्यास करना चाहिए ॥ १०४-१०५ ॥

केशव मातृकाएं - केशव एवं कीर्त्ति, नारायण एवं कान्ति, माधव एवं तुष्टि, गोविन्द एवं पुष्टि, विष्णु एवं धृति, मधुसूदन एवं शान्ति, त्रिविक्रम एवं क्रिया, वामन एवं दया, श्रीधर एवं मेधा, हृषीकेश एवं हर्षा, पद्मनाभ एवं श्रद्धा, दामोदर एवं लज्जा, वासुदेव एवं लक्ष्मी, संकर्षण /तथा सरस्वती, प्रद्युम्न और प्रीति, अनिरुद्ध एवं रति, चक्री एवं जया, गदी एवं दुर्गा, शाङ्‌र्गी एवं प्रभा, खड्‌गी एवं सत्या, शंखी एवं चण्डा, हली एवं वाणी, मुसली एवं विलासिनी, शूली एवं विजया, पाशी एवं विरजा, अंकुशी

शूली विजयया युक्तः पाशी विरजयान्वितः।
अंकुशी विश्वया युक्तो मुकुन्दो विनदायुतः॥ १११॥
नन्दजः सुनदायुक्तो नन्दीसत्यासमन्वितः।
नरऋद्धीनरकजित् समृद्धीशुद्धियुग्घरिः॥ ११२॥
कृष्णबुद्धी सत्यभुक्ती सात्वतो मतिसंयुतः।
सौरिक्षमे शूररमे जनार्दनउमान्वितः॥ ११३॥
भूधरः क्लेदिनीयुक्तो विश्वमूर्तिश्च क्लिन्नया।
वैकुण्ठो वसुधायुक्तो वसुदापुरुषोत्तमौ॥ ११४॥
बली तु परयायुक्तो बलानुजपरायणे।
बालसूक्ष्मे वृषघ्नस्तु सन्ध्यायुक्प्रज्ञया वृषः॥ ११५॥
हंसः प्रभासमायुक्तो वराहो निशयान्वितः।
विमलो मेधयायुक्तो नृसिंहो विद्युतायुतः॥ ११६॥
केशवाद्या मातृकोक्तायादियोगश्च पूर्ववत्।

एवं विश्वा, मुकुन्द एवं विनदा, नन्दज एवं सुनदा, नन्दी एवं सत्या, नर एवं ऋद्धि, नरकजित् एवं समृद्धि, हरि एवं शुद्धि, कृष्ण एवं बुद्धि, सत्य एवं भुक्ति, सात्वत एवं मति, सोरि एवं क्षमा, शूर एवं रमा, जनार्दन एवं उमा, भूधर एवं क्लेदिनी, विश्वमूर्त्ति एवं क्लिन्ना, वैकुण्ठ एवं वसुधा, पुरुषोत्तम एवं वसुदा, बली एवं परा, बलानुज एवं परायणा, बाल एवं सूक्ष्मा, वृषघ्न एवं सन्ध्या, वृष एवं प्रज्ञा, हंस एवं प्रभा, वराह एवं निशा, विमल एवं मेघा तथा नृसिंह एवं विद्युता, - इतनी केशव मातृकाएं कही गई हैं ॥ १०५-११७ ॥

विमर्श - इस केशवमातृका न्यास में भी अन्तिम यकारादि दश वर्णो के साथ त्वगात्मभ्यामित्यादि पूर्वोक्त रीति के अनुसार लगाकर न्यास करना चाहिये ।

न्यास विधि - न्यास विधि -

